Reg. No. : 407 / 2005 - 06

Phone : 0141-2371793
Telefax : 0141-2371794

# Private Physiotherapy, Nursing & Para Medical Institutions Society of Jaipur

Sangam Hotel, 17, Moti Lal Atal Road, Jaipur - 302 001

**Dr. Ratan Sharma**
President

**Mr. Dilip Tiwari**
Secretary

**Mr. O.P. Sharma**
Treasurer

Ref. Date......................

Ref. No. PPNPMISJPR/12/66

Date:10-10-2012

माननीय कुलपति महोदय
राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविधालय
कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर
जयपुर।

**विषयः–** **बी. एससी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग एवं एम. एससी. नर्सिंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जो कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविधालय द्वारा संबद्धता सत्र 2012–13 से जुडे महत्वपूर्ण बिन्दुओं यथा सत्र की प्रवेश प्रकिया, परीक्षा प्रणाली, परिणाम मे सुधार आदि।**

माननीय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विभिन्न नर्सिंग प्रशिक्षणों यथा स्नातक नर्सिंग एवं स्नातकोत्तर नर्सिंग से सम्बन्धित कई ज्वलन्त समस्याएं है। जिस हेतु पूर्व मे भी फैडरेशन ने अपने पत्र क्रमांक PPNPMISJPR/12/45 दिनांक 22/06/2012 के द्वारा एवं इस पत्र के माध्यम से पुनः निम्न समस्याओं की ओर आपका ध्यानाकर्षण जरूरी है और इस पत्र द्वारा समस्याओं के साथ फैडरेशन विनम्रता पूर्वक आपको सुझाव भी प्रस्तुत करती है। जिससे अतिशीघ्र समस्याओं पर निराकरण हो। नर्सिंग मे फैली हुई अव्यवस्था को दुरूस्त किया जा सके एवं राज्य के हजारों नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों को समय रहते राहत दी जा सके। आपसे अनुरोध है कि इन समस्याओं के निराकरण का प्रयास आप जरूर करें। अग्रिम बिन्दुवार समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत है:–

बिन्दु सं0 1: **समस्याः** अधिकतर नर्सिंग कॉलेजों की बी. एससी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग, एम. एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम की सीटें पूर्व के वर्षों एवं वर्तमान सत्र 2012–13 मे रिक्त पडी है। इसका मुख्य कारण है कि नर्सिंग के प्रवेश को ना तो प्रिन्ट मीडिया और ना ही इलेक्ट्रोनिक

Reg. No. : 407 / 2005 - 06

Phone : 0141-2371793
Telefax : 0141-2371794

Private Physiotherapy, Nursing & Para Medical Institutions Society of Jaipur
Sangam Hotel, 17, Moti Lal Atal Road, Jaipur - 302 001

Dr. Ratan Sharma
President

Mr. Dilip Tiwari
Secretary

Mr. O.P. Sharma
Treasurer

Ref.                                                                 Date........................

मीडिया द्वारा प्रचारित प्रसारित किया जाता है। विश्वविधालय द्वारा एक छोटे से बॉक्स मे समाचार पत्रों मे प्रवेश हेतु विज्ञप्ति जारी की जाती है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया को तो कभी सम्मिलित ही नहीं किया गया। परिणाम राज्य के बहुत सारे इच्छुक विज्ञान वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को सूचना ही नही होती। विश्वविधालय की लापरवाही एवं नर्सिंग के प्रति एक सतही दृष्टिकोण जिसमें गहराई का पूर्णतया अभाव देखा जाता है। मेडिकल की प्रवेश प्रक्रिया काउन्सलिंग इत्यादि समय पर आयोजित होती है। नर्सिंग के साथ सदैव भेदभाव किया जाता है, हेय दृष्टि से देखा जाता है, उपहास किया जाता है।

**समाधान–** वर्तमान सत्र 2012–13 की प्रवेश प्रक्रिया हेतु जिसमे लगभग 150 नर्सिंग कॉलेजेज सम्मिलित है। अतः भविष्य मे **कम–से–कम आधे पेज की विज्ञप्ति जिसमें सभी विस्तृत सूचनायें दी जानी चाहिये।** समाचार पत्रों के अतिरिक्त इलेक्ट्रोनिक मीडिया का प्रयोग भी आवश्यक रूप से हो। **मुख्य समाचारों के नीचे दी जाने वाली विज्ञापन पट्टिका मे प्रवेश सूचनाये निरन्तर दिखाई जावें।** विश्वविधालय द्वारा प्रवेश फार्म समय से ऑन–लाईन उपलब्ध करवाये जावें फिर उनकी विस्तृत जॉच की जावें एवं समय रहते सभी बिन्दुओं को ध्यान मे रखकर अतिशीघ्र काउन्सलिंग आयोजित हो। काउन्सलिंग के पश्चात् चयनित प्रशिक्षणार्थियों को ज्वाईन करने के लिये **कम–से–कम 1 सप्ताह से 10 दिन का समय अवश्य दिया जावें।** विश्वविधालय कर्मी नर्सिंग कॉलेज का कार्य ईमानदारी एवं तत्परता से करे।

बिन्दु सं0 2 **समस्याः** चयनित अभ्यर्थी अपने चयन किये हुये कॉलेज मे उपस्थिति नहीं देते। इसका कारण काउन्सलिंग के समय किसी भी प्रकार की राशि नहीं लेना है। प्रशिक्षणार्थी प्रवेश को मजाक की तरह लेते है और

Reg. No. : 407 / 2005 - 06

Phone : 0141-2371793
Telefax : 0141-2371794

Pmisj

# Private Physiotherapy, Nursing & Para Medical Institutions Society of Jaipur

Sangam Hotel, 17, Moti Lal Atal Road, Jaipur - 302 001

Dr. Ratan Sharma
President

Mr. Dilip Tiwari
Secretary

Mr. O.P. Sharma
Treasurer

Ref.

Date.......................

आवंटित कॉलेज मे जाते नहीं। कॉलेज चयन हेतु जो विकल्प उन्हें भरने होते है उन्हें भी वह गंभीरता से नहीं लेते और परिणाम यह होता है कि पूर्व के वर्षों एवं वर्तमान सत्र मे भी बहुत सारे नर्सिंग कॉलेजेज की प्रवेश सीट रिक्त है।

**समाधानः** चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पाबन्द किया जावें कि वे चयन के समय रूपये 10,000/– की राशि विश्वविधालय कोष मे जमा करवायें। काउन्सलिंग के पश्चात् उक्त राशि विश्वविधालय कोष से सम्बन्धित कॉलेज को भेज दी जावें और आगे यह राशि उसके शुल्क मे समाहित कर दी जावें। अगर विश्वविधालय को उक्त टोकन राशि लेने मे कठिनाई हो तो यह कार्य फैडरेशन को दिया जा सकता है। इस बाबत फैडरेशन ने पूर्व मे भी अपने पत्र कमांक PPNPMISJPR/11/25 दिनांक 29/06/2011, PPNPMISJPR/11/32 दिनांक 12/10/2011 एवं PPNPMISJPR/11/45 दिनांक 22/06/2012 के द्वारा एवं मौखिक रूप से अनेकों बार निवेदन किया है।

बिन्दु सं0 3 **समस्याः** नर्सिंग प्रवेश, पाठ्यकम, परीक्षा एंव परिणाम को गंभीरता से नहीं लेना और कमतर करके उसका मुल्यांकन करना। जैसा कि विश्वविधालय की विभिन्न गतिविधियों द्वारा स्पष्ट परिलक्षित है यथा– प्रवेश मे लेट, परीक्षा मे लेट, परिणाम मे लेट एवं गिरता हुआ परीक्षा परिणाम (40 प्रतिशत) इत्यादि।

**समाधानः** आश्चर्य इस बात का है कि विश्वविधालय मे नर्सिंग संकाय के द्वारा जितना राजस्व संबद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क, परीक्षा शुल्क, एनरोलमेन्ट शुल्क आदि के माध्यम से जो राजस्व प्राप्त होता है वह सबसे अधिक है या यूँ कहे कि यह राजस्व अन्य सभी पाठ्यक्रमों के राजस्व के जोड के बराबर है इसके उपरान्त भी नर्सिंग की सभी

Reg. No. : 407 / 2005 - 06

Phone : 0141-2371793
Telefax : 0141-2371794

(दिलीप तिवारी)
सचिव

# Private Physiotherapy, Nursing & Para Medical Institutions Society of Jaipur

Sangam Hotel, 17, Moti Lal Atal Road, Jaipur - 302 001

**Dr. Ratan Sharma**
President

**Mr. Dilip Tiwari**
Secretary

**Mr. O.P. Sharma**
Treasurer

Ref. Date.......................

गतिविधियॉ लेट–लतीफी का लगातार शिकार हो रही है। नर्सिंग के द्वारा प्राप्त हुये राजस्व के अनुपात मे नर्सिंग की गतिविधियों को वरीयता क्रम में मेडिकल के बाद वरीयता दी जावें एवं इससे सम्बन्धित सभी प्रकरणों को गंभीरता से लिया जावें।

बिन्दु सं0 4 **समस्याः** परीक्षायें इतनी विलम्ब से होती है कि 4 वर्षीय बी. एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम 6 वर्ष मे पूरा होता है। 2 वर्षीय पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम एवं 2 वर्षीय एम. एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम 3 या 3 1/2 वर्ष मे पूरा होता है। वर्तमान मे बी. एससी. नर्सिंग सत्र 2007–08 की पार्ट–4, सत्र 2008–09 की पार्ट–3 एवं पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग सत्र 2008–09 की फाईनल की परीक्षा माह सितम्बर, 2012 मे संपन्न हुई है, जो कि अक्टुम्बर–नवम्बर, 2011 मे ही संपन्न हो जानी चाहिये थे। बी. एससी. नर्सिंग सत्र 2011–12 की पार्ट–1 की परीक्षा माह अक्टुम्बर, 2012 मे आयोजित होना प्रस्तावित है जिनके 5 अक्टुम्बर, 2012 तक तो परीक्षा फार्म ही जमा हो रहे है एवं एनरोलमेन्ट अभी तक भी नहीं हुये है। बी. एससी. नर्सिंग पार्ट–2 एवं पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग प्रिवीयस सत्र 2011–12 की परीक्षा अक्टुम्बर–नवम्बर, 2012 मे होना प्रस्तावित है। जिनके अभी तक विश्वविधालय द्वारा फार्म नहीं भरवाये गये है। नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी एवं उनके संरक्षक अधिकतर इससे दुखी रहते है एवं सोचते है कि काश अपने बच्चे का प्रवेश किसी अन्य राज्य के विश्वविधालय अथवा अपने ही राज्य के निजी क्षेत्र के विश्वविधालय मे क्यों नहीं करवाया। वे पश्चाताप करते है। फिर जैसे–तैसे परिणाम निकलता है तो वो भयंकर रूप से प्रशिक्षणार्थियों को अवसाद की ओर धकेलता है। कैसी विडम्बना

Reg. No. : 407 / 2005 - 06

Phone : 0141-2371793
Telefax : 0141-2371794

# Private Physiotherapy, Nursing & Para Medical Institutions Society of Jaipur

Sangam Hotel, 17, Moti Lal Atal Road, Jaipur - 302 001

Dr. Ratan Sharma
President

Mr. Dilip Tiwari
Secretary

Mr. O.P. Sharma
Treasurer

Ref. Date........................

है कि नर्सिंग को ऑका तो कम जाता है परन्तु परीक्षा ऐसे ली जाती है जैसे मेडिकल के स्नातकोत्तर हो।

**समाधानः** विश्वविधालय द्वारा परीक्षायें समय पर आयोजित की जावें। वर्ष मे दो परीक्षायें आयोजित करना अनिवार्य हो जिससे प्रशिक्षणार्थियों को विषय उत्तीर्ण करने हेतु अधिक अवसर मिले और वह विश्वविधालय एवं संबद्धित नर्सिंग कॉलेज को छोडकर जाने की ना सोचे। बी. एससी. नर्सिंग पार्ट–4, पार्ट–3 एवं पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग फाईनल सत्र का परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द घोषित किया जावें। जिससे उनका पाठ्यक्रम पूर्ण होने मे और अधिक देरी न हो। बी. एससी. नर्सिंग पार्ट–1, पार्ट–2 एवं पोस्ट बेसिक बी. एससी. नर्सिंग प्रिवीयस की परीक्षायें दिपावली पूर्व संपन्न करवाई जावें।

बिन्दु सं0 5 **समस्याः** परीक्षा परिणाम के पश्चात् Revaluation का परिणाम आगामी परीक्षा से एक या दो दिन पहले घोषित किया जाता है एवं परीक्षा फार्म पहले भरवायें जाते है। बेचारा प्रशिक्षणार्थी इसी उहापोह मे रहता है कि वह परीक्षा मे सम्मिलित हो या फिर Revaluation के परिणाम की प्रतीक्षा करें। पिछली कक्षा मे बैठकर उसकी परीक्षा की तैयारी करे या आगामी कक्षा मे बैठकर उसकी परीक्षा की तैयारी करें। वर्तमान मे बी. एससी. नर्सिंग पार्ट–1 सत्र 2010–11 का परीक्षा परिणाम दिनांक 5/5/2012 को घोषित किया गया था जिसके Revaluation का परिणाम दिनांक 5/10/2012 को घोषित किया गया है। जबकि इनके परीक्षा फार्म की डबल फीस राशि से अन्तिम तिथि 5/5/2012 थी। अतः Revaluation मे पास हुये प्रशिक्षणार्थी ने भी पार्ट–1 का परीक्षा फार्म भरा है एवं परीक्षा फीस राशि जमा करवाई है जिससे उसे

Reg. No. : 407 / 2005 - 06

Phone : 0141-2371793
Telefax : 0141-2371794

Private Physiotherapy, Nursing & Para Medical Institutions Society of Jaipur
Sangam Hotel, 17, Moti Lal Atal Road, Jaipur - 302 001

**Dr. Ratan Sharma**
President

**Mr. Dilip Tiwari**
Secretary

**Mr. O.P. Sharma**
Treasurer

Ref. Date.......................

आर्थिक हानी हुई है। इसी प्रकार बी. एससी. नर्सिंग पार्ट–2 का Revaluation का परिणाम शेष है।

**समाधानः** Revaluation के फार्म जमा होने की अन्तिम तिथि से 1 माह मे परिणाम घोषित हो जावे। जिससे सफल प्रशिक्षणार्थी को स्पष्ट हो की उसे कौनसी कक्षा मे बैठना है व कौनसी परीक्षा का फार्म भरना है एवं सम्मिलित होना है।

बिन्दु सं0 6 **समस्याः** प्रायोगिक परीक्षाओं मे राज्य के बाहर के परीक्षक लगने से प्रायोगिक परीक्षाओं मे अति विलम्ब होता है। विगत वर्षो मे यह पाया गया कि सभी परीक्षायें स्थगित हुई है एवं अन्त मे राज्य के ही परीक्षक द्वारा परीक्षा संपादित करवाई जाती है।

**समाधानः** बाह्य परीक्षक के बजाय राज्य के ही परीक्षकों को विषय के पेपर सेट करवायें जावें, उत्तरपुस्तिका जॅचवाई जावें एवं प्रायोगिक परीक्षायें लिवाई जावें। यदि यह संभव नहीं हो तो कम–से–कम पार्ट–1 एवं पार्ट–2 के लिये तो राज्य के ही परीक्षकों को ही नियुक्त किया जावें।

बिन्दु सं0 7 **समस्याः** राज्य मे निजी क्षेत्र मे संचालित विश्वविधालयों क्रमशः महात्मा गॉधी युनिर्वसिटी, महात्मा गॉधी निम्स युनिर्वसिटी, महाराज विनायक ग्लोबल युनिर्वसिटी, गीतांजली युनिर्वसिटी, जयपुर नेशनल युनिर्वसिटी, ज्योतिराव फुले युनिर्वसिटी आदि विश्वविधालयों मे सभी कार्य यथाः प्रवेश प्रक्रिया, एनरोलमेन्ट, परीक्षा, परीक्षा परिणाम, Revaluation परिणाम आदि समय पर पूर्ण हो रहे है। जबकि आपके विश्वविधालय के उक्त सभी कार्य कभी समय पर संपन्न नहीं हो रहे है। अतः अभ्यर्थी इनकी ओर रूख कर रहे है , इन विश्वविधालयों की सीटें पूर्ण भर रही

Reg. No. : 407 / 2005 - 06

Phone : 0141-2371793
Telefax : 0141-2371794

**Private Physiotherapy, Nursing & Para Medical Institutions Society of Jaipur**

Sangam Hotel, 17, Moti Lal Atal Road, Jaipur - 302 001

**Dr. Ratan Sharma**
President

**Mr. Dilip Tiwari**
Secretary

**Mr. O.P. Sharma**
Treasurer

Ref.

Date........................

है और आपके विश्वविधालय से संबद्धित महाविधालयों की सीटें रिक्त रह रही है।

**समाधानः** निजी विश्वविधालयों की भॉति नर्सिंग पाठ्यक्रम के कार्य यथा– प्रवेश प्रक्रिया, एनरोलमेन्ट, परीक्षा, परीक्षा परिणाम, Revaluation परिणाम आदि सभी कार्यों को प्राथमिकता प्रदान करते हुये समय पर संपादित करवाये जावें। परीक्षा समय पर आयोजित हो, परिणाम समय पर घोषित हो एवं पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण होगा। तभी अभ्यर्थियों का विश्वास वापस इस विश्वविधालय पर लौटेगा और महाविधालयों को सीटें रिक्त रहने पर होने वाली अत्यधिक आर्थिक हानी से निजात मिल सकेगी।

माननीय, निवेदन है कि यदि आप उचित समझे तो इसमें दर्शाये गये समाधानों को नर्सिंग क्षेत्र के विभिन्न प्रशिक्षणों मे लागू करवाकर राज्य के बहुत सारे नर्सिंग प्रशिक्षु, शिक्षक, विशेषज्ञ एवं कॉलेज संचालको को राहत प्रदान कर अनुग्रहीत करें।

धन्यवाद।

भवदीय

सचिव